दिनांक : 06/03/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :-

- कृषि और ग्रामीण बदलाव पर वेबिनार आज, प्रधानमंत्री करेंगे संबोधित।
- मध्यप्रदेश में जल संचय की पहल सराहनीय, कहा-केन्द्रीय मंत्री ने।
- प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल डीजल और एलपीजी उपलब्ध।
- आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराया। रविवार को फाइनल मुकाबला न्यूजीलैंड से।

प्रधानमंत्री-कृषि वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस वषिय के तहत आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें चार प्रमुख सेक्टर- कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीवकि पर विचार-विमर्श होगा।

बजट पश्चात वेबिनार में उच्च मूल्य के कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। वेबिनार में एआई सक्षम कृषि डिजिटल बुनियादी □चा- भारत विस्तार से उपलब्ध अवसरों पर भी चर्चा होगी। वेबिनार के सत्रों में निजी क्षेत्र के निवेश और पशु पालन मूल्य श्रृंखला में उद्यमियता, मत्स्य पालन के लिए जलाशयों और अमृत सरोवरों के विकास, तटवर्ती मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला मजबूत करने तथा स्वःसहायता समूहों की ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा होगी।

वीबी जी राम जी अभियान

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत - ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का लक्ष्य युवाओं को इस पहल के केंद्र में रखकर प्रश्नोत्तरी, वीडियो चुनौतियों और रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि इसे एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जन आंदोलन बनाया जा सके।

अभियान के अंतर्गत, 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की शार्ट वीडियो, रील या एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता ’60 सेकंड फॉर माई विलेज’ भी आज से शुरू की जा रही है। विजेताओं का चयन रचनात्मकता, मौलिकता, तकनीकी गुणवत्ता और विषय प्रासंगिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रतियोगी माई भारत पोर्टल के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

जल शक्ति मंत्रालय

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सामुदायिक सहभागिता पर आधारित जल संरक्षण और सतत् जल प्रबंधन में देश के सम्मुख श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। श्री पाटिल ने यह बात केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कल आयोजित संयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। जल संचय-जन भागीदारी की व्यापक समीक्षा के लिए आयोजित की गई इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने इस अभियान के प्रथम चरण में 2 लाख 79 हजार जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेश है एक रिपोर्ट ...

पेट्रोल डीजल-बैठक

ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के चलते पेट्रोल डीजल और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर सरकार अलर्ट हैं। इस संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान खपत को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने ऑयल कम्पनियों को जिलावार अपने फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी को संभागायुक्त एवं कलेक्टर से सम्पर्क करने तथा नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो। डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए।

गेहूं उपार्जन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिला कलेक्टर पंजीकृत किसानों में से चिन्हित किसानों के सत्यापन, उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की उपलब्धता और किसानों को समय पर भुगतान के लिए शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करें। गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 16 मार्च से 5 मई तक होगा और शेष संभागों जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, चम्बल व सागर में 23 मार्च से 12 मई तक किया जाएगा। किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक करा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल मंत्रालय में आयोजित अभियान की राज्य स्तरीय बैठक के बाद जिला कलेक्टर्स से वर्चुअल संवाद में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपार्जन केन्द्रों का समय-सीमा में निर्धारण, उनकी स्थापना और इन केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

फ्लाई ऐश उपयोगिता पुरस्कार-प्रदेश

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने विद्युत उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि अर्जित की है। कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के वैज्ञानिक, सुनियोजित एवं अधिकतम उपयोग के लिये किए जा रहे सतत् प्रयास करने के लिए गोवा में आयोजित 15 वें फ्लाई ऐश उपयोगिता पुरस्कार 2026 समारोह में चार प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया।

घुड़सवारी दल पुलिस-पदक

मध्यप्रदेश पुलिस के घुड़सवारी दल ने 44वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता एवं माउंटेड पुलिस ड्यूटी मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 06 पदक (02 स्वर्ण , 02 रजत एवं 02 कांस्य) अर्जित कर मध्यप्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 27 फरवरी 2026 तक सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर की पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की 21 टीमों, 345 अश्वों और लगभग 700 राइडर्स ने भाग लिया।

टी-ट्वेंटी-क्रिकेट

भारत आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में पहुंच गया है। कल रात मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में उसने इंग्लैंड को सात रन से हरा दिया। 254 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड ने सात विकेट पर 246 रन बनाए।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में सात विकेट पर 253 रन बनाए। संजू सैमसन ने 42 गेंद में शानदार 89 रन बनाए। शिवम दूबे ने 43 रन का रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए जैकब बेथल ने 48 गेंदों में 105 रन जोड़े। सन्जू सैमसन को प्लेयर ऑफ द् मैच घोषित किया गया।

रविवार को फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में :-

- प्रधानमंत्री जनऔषधि परियोजना के अंतर्गत आठवां जन औषधि दिवस 7 मार्च को प्रदेश के अन्य नगरों के साथ ही भोपाल के एम.ए. सिटी परिसर में भी मनाया जाएगा।
- विदिशा जिले के शमशाबाद में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में जिला स्तरीय किसान मेला एवं कृषि विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।
- झाबुआ में जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों में फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है।
- आगरमालवा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सप्ताह का समापन किया गया।
- सतना जिले के नागौद में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।
- इंदौर में एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के तहत जिले में 35 टीकाकरण केन्द्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक टीकाकरण किया रहा है।
- शाजापुर में त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग और राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने शहर में निरीक्षण कर खाद्य साम्रगियों के नमूने लिए।
- बालाघाट में 8 से 14 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान कांचबिंदु के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

- भोपाल रेल मंडल ने 11 माह के अंदर विशेष अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा कर रहे 5 लाख से अधिक यात्रियों से लगभग 36 करोड़ 30 लाख रुपए का जुर्माना अर्जित किया है।

-------------